# आर्टफिशियिल इंटेलजिंस सुरक्षा शखिर सम्मेलन, 2023

## प्रलिमि्स के लयि:

[कृत्रमि बुद्धमित्ता](), फ्रंटयिर AI, [एथकिल AI](), बैलेचली पार्क, बैलेचली पार्क डक्लिेरेशन

## मेन्स के लयि:

वज्ञिान एवं प्रौद्योगकिी वकिास और उनके अनुप्रयोग तथा दैनकि जीवन में इनके प्रभाव, आईटी के क्षेत्र में जागरूकता, AI के नुकसान, AI के अनुप्रयोग

[स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस]()

## चर्चा में क्यों?

इंग्लैंड के **बैलेचले पार्क में** आयोजति **आर्टफिशियिल इंटेलजिंस (AI) सुरक्षा शखिर सम्मेलन, 2023, फ्रंटयिर [AI प्रौद्योगकियिों]() द्वारा उत्पन्न चुनौतयिों** से नपिटने हेतु वैश्वकि दृष्टकिोण में एक प्रमुख परविर्तन को चह्नित करता है।

- इन चुनौतयिों से नपिटान हेतु संयुक्त राज्य अमेरकिा, चीन, भारत तथा **यूरोपीय संघ** सहति 28 प्रमुख देशों ने इस पहले AI सुरक्षा शखिर सम्मेलन में **बैलेचले पार्क घोषणा (Bletchley Park Declaration)** पर हस्ताक्षर कयिे।
- यह ऐतहिासकि घोषणा **उन्नत AI ससि्टम, जसि फ्रंटयिर AI के रूप में जाना जाता है,** के संभावति जोखमिों एवं लाभों को संबोधति करने के लयि एक सामूहकि समझ और समन्वति दृष्टकिोण बनाने का प्रयास करती है।

## नोट:

- फ्रंटयिर AI को **अत्यधकि सक्षम फाउंडेशन जेनरेटर AI मॉडल** के रूप में परभिाषति कयिा गया है जो मांग के आधार पर टेक्स्ट, इमेज, ऑडयिो या वीडयिो जैसे यथार्थवादी एवं वश्विसनीय आउटपुट उत्पन्न करने में सक्षम है।

## आर्टफिशियिल इंटेलजिंस सुरक्षा शखिर सम्मेलन 2023 की मुख्य वशिषताएँ:

- **बैलेचली पार्क डक्लिेरेशन:**
  - बैलेचली पार्क डक्लिेरेशन फ्रंटयिर AI जोखमिों से नपिटने हेतु पहला वैश्वकि समझौता है और यह**वशि्व के प्रमुख AI खलिाड़यिों के बीच** उच्च स्तरीय राजनीतकि सहमत तिथा **प्रतबिद्धता** को दर्शाता है।
  - यह **मानव कल्याण को बढ़ावा देने के लयि AI की क्षमता को स्वीकार करता है,** लेकनि **AI**, वशिष **रूप से फ्रंटयिर AI द्वारा उत्पन्न जोखमिों की भी पहचान करता** है, जो वशिष रूप से साइबर सुरक्षा, जैव प्रौद्योगकिी और दुष्प्रचार जैसे डोमेन में जान-बूझकर या अनजाने में गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।
  - यह **AI से संबंधति जोखमिों को संबोधति करने के लयि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग** की आवश्यकता पर ज़ोर देता है, क्योंकवि अंतर्नहिति रूप से वैश्वकि हैं और कंपनयिों, नागरकि समाज तथा शक्षिवादियों सहति सभी अभनिेताओं के बीच सहयोग का आह्वान करता है।
  - इस घोषणापत्र में एक नयिमति AI सुरक्षा शखिर सम्मेलन की स्थापना की भी घोषणा की गई है, जो**फ्रंटयिर AI सुरक्षा पर बातचीत और सहयोग** के लयि एक मंच प्रदान करेगा।
    - ***अगले शखिर सम्मेलन की मेज़बानी एक वर्ष के भीतर फ्राँस द्वारा की जाएगी*** और दक्षणि कोरयिा अगले छह महीनों में एक मनिी वर्चुअल AI शखिर सम्मेलन की सह-मेज़बानी करेगा।
- **सम्मेलन में भारत का रुख:**
  - भारत AI वनियिमन पर वचिार न करने के रुख से हटकर**जोखमि-आधारति, उपयोगकर्ता-नुकसान दृष्टकिोण के आधार पर सक्रयि रूप से नयिम बना रहा है।**

    - भारत ने ज़िम्मेदार AI उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत देते हुए **"नैतिक" AI उपकरणों** के विस्तार के लिये एक वैश्विक ढाँचे का आह्वान किया।
  - भारत ने **AI के ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने के लिये घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर नियामक निकाय स्थापित करने में रुचि** दिखाई है।
  - **डिजिटल इंडिया अधिनियम, 2023** जो अभी तक लागू नहीं हुआ है, में AI-आधारित प्लेटफॉर्मों सहित ऑनलाइन मध्यस्थों के लिये समस्या-विशिष्ट नियम प्रस्तुत किये जाने की उम्मीद है।

## बैलेचली पार्क के बारे में मुख्य तथ्य:

- बैलेचली पार्क इंग्लैंड के बकिंघमशायर में लंदन से लगभग 80 किमी. उत्तर में स्थित है।
  - **द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इसने ब्रिटिश गवर्नमेंट कोड एवं साइफर स्कूल (GC एवं CS)** के लिये मुख्य स्थल के रूप में कार्य किया।
    - युद्ध के दौरान बैलेचली पार्क में दुश्मन के संदेशों को समझने पर कार्य किया गया था।
  - बैलेचली पार्क में विकसित **ट्यूरिंग बॉम्बे** कथित रूप से अटूट **जर्मन एनिग्मा कोड को तोड़ने में** अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिये प्रसिद्ध है।
    - इस इलेक्ट्रो-मैकेनिकल डिवाइस ने कोड तोड़ने की प्रक्रिया को काफी तेज़ कर दिया, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान **मित्र राष्ट्रों** को सफलता प्राप्त हुई।
  - बैलेचली पार्क ने कोलोसस मशीन भी विकसित की, जिसे प्राय: विश्व का पहला प्रोग्राम योग्य इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल कंप्यूटर माना जाता है।
  - बैलेचली पार्क में विकसित सिद्धांत एवं नवाचार **आधुनिक कंप्यूटिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता** को प्रभावित करते रहे हैं।
  - बैलेचली पार्क, अब एक संग्रहालय के साथ एक ऐतिहासिक स्थल मात्र है, जो इसके युद्धकालीन इतिहास एवं योगदान में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**?????????:**

**प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)**

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट-से-स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर**: (b)

---

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (वर्ष 2018)**

| | **समाचार में देखे जाने वाले शब्द** | **संदर्भ** |
|---|---|---|
| 1. | बेल II प्रयोग ( Belle II Experiment) | कृत्रिम बुद्धिमत्ता |
| 2. | ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी | डिजिटल क्रिप्टो करेंसी |
| 3. | CRISPR – Cas9 | पार्टिकल भौतिकी |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न. भारत के प्रमुख शहरों में आई.टी उद्योगों के वकिास से उत्पन्न होने वाले मुख्य सामाजकि-आर्थकि प्रभाव क्या हैं? (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/artificial-intelligence-safety-summit-2023